Title : Need to run a train from Gorakhpur to Prayagraj via Bhatni, Salempur and Varanasi-Laid.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): गोरखपुर-भटनी-सलेमपुर - वाराणसी होते हुये प्रयागराज तक जाने वाला रेल खण्ड अत्यन्त महत्वपूर्ण है जिस पर लाखो यात्री यात्रा करतें हैं। गोरखपुर-वाराणसी व प्रयागराज व्यापारिक, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से सुविख्यात हैं। लाखों लोग गोरखपुर में गोरखनाथ मन्दिर, मर्यादा पुरूषोतम प्रभु श्री राम के पुत्र कुश की नगरी कुशीनगर में भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली में पुजा अर्चना करने आते हैं। इसी प्रकार महान संत कबीर दास जी की नगरी संत कबीर नगर एंव देवरिया में देवरहवा बाबा की तपो भूमि का भ्रमण, दर्शन एवं पूजन करने आते हैं। गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बलिया, संतकबीर नगर, तथा बिहार प्रान्त के गोपालगंज व सिवान के लाखों लोग रोजाना वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर एंव भगवान बुद्ध की तीर्थ स्थली सारनाथ में पूजन करने जाते हैं। इसी प्रकार गंगा यमुना सस्वती तीनों नदियों का संगम व तीर्थ नगरी प्रयागराज में स्नान करने आते हैं।

व्यापार की दृष्टि से भी इन जिलों के लोग अपने कृषि उत्पाद जैसे पान, फल, फूल आदि को बड़े बाज़ार में बेचने तथा अन्य व्यापारिक कारणों से हजारों लोग इस रेल खण्ड पर प्रतिदिन यात्रा करते हैं। इस रेल खण्ड पर कोई महत्वपूर्ण रेल गाड़ी न होने के कारण लाखों यात्रियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि गोरखपुर-भटनी- सलेमपुर वाराणसी होते हुये प्रयागराज तक शताब्दी रेल गाड़ी या कोई अन्य सुपर फास्ट कुर्सीयान रेल गाड़ी का संचालन किया जाये जिससे इस क्षेत्र में व्यापार व धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।